## खबर संक्षेप

### मधुमक्खियों ने किया हमला पीड़ित स्वस्थ केंद्र में



**भुआबिछिया।** बिछिया से दानीटोला मार्ग पर नाग नागिन हनुमान मंदिर के पास बरिहा निवासी गुन्नू सिंग वल्द सुकल सिंह के ऊपर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बरिहा निवासी गुन्नू सिंग को हनुमान मंदिर के पास देखा गया था, जहां मधुमक्खियों के झुंड ने गुन्नू सिंग पर हमला बोल दिया था। स्थानीय निवासियों द्वारा एंबुलेंस को फोन कर बुलवाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में भर्ती कराया गया, साथ ही गुन्नू सिंग के परिजनों को भी सूचित किया गया।

### मुक्कदम टोला में खैर माई का चबूतरा बनेगा

**भुआबिछिया।** जनपत पंचायत



मवई ग्राम पंचायत इंद्री के मुकद्दम टोला में खेरमाई चबूतरा निमार्ण हेतु 1 लाख की लागत (जनपद स्तर)से भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, श्रीमति ललती सरोते सरपंच, अक्षय कुमार परते समाजसेवी, डीलन मरकाम, वीरेन्द्र मरावी (मुकद्दम) धनेश्वर साहू, आल्हा झरिया, गिरानी धुर्वे, हीरा लाल (खेरो पंडा) दशरथ सिंह मरावी, संतोष धुर्वे, राजेश धुर्वे (पंच) श्रीमति रामा बाई (पंच) जुगराज मरावी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### होलिका दहन 2 मार्च को,ग्रहण काल के बाद मनाई जाएगी होली

**भुआबिछिया।** इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च 2026 दिन सोमवार रात 8:31 बाद बाद होगा जिसकी तैयारी नगर सहित ग्राम्य स्तर पर शुरू हो चकी है इसके बाद चन्द्र ग्रहण 3 मार्च 2026 दिन मंगलवार को आरंभ होगा दोपहर 3:20 से समाप्ति शाम 6:47 पर मोक्ष होगा मंदिरों देवालयों में भगवान श्री के मंदिर के पट प्रातः 6:30 बजे बंद हो जाएंगे और शाम 7:00 बजे पट खुलेंगे, ओर धुलेड़ी रंग गुलाल खेलने वाली होली 4 मार्च 2026 को मनाई जाएगी नगर की शांति समिति की बैठक में शांति सद्भाव और उल्लास से होली मनाने की अपील की गई है।

## निर्माण एजेंसी आर.ई.एस. पर लगे करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप

# भ्रष्टाचार का पर्याय बनी आर.ई.एस.


*** जांच के नाम पर की जा रही लीपापोती।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले में निर्माण एजेंसी आर.ई.एस. के द्वारा ग्रेबल सड़कों का निर्माण किया जा रहा है इस एजेंसी के द्वारा स्टापडेम बनाये जा रहे हैं आर.ई.एस. ही अमृत सरोबर का निर्माण का रही है इस एजेंसी द्वारा विभिन्न तरह के भवन एवं अन्य निर्माण कार्य भी संपन्न कराये जा रहे हैं। सिर्फ बिछिया विकासखण्ड की ही बात करें तो इस एजेंसी के द्वारा यहां विभिन्न तरह के करोड़ों के निर्माण कार्य संपन्न कराये जा चुके हैं जिनकी वास्तविक हकीकत देखकर समझा जा सकता है कि



कितने बड़े पैमाने पर इन निर्माण कार्यों में अनियमितता की गई है और शासन को जमकर चूना लगाया गया है।



ग्रेबल सड़क की ही बात करें तो ये सड़कें कहीं 30 लाख, कहीं 40 लाख और कहीं-कहीं तो 60 लाख से ऊपर की राशि बनाई गई है सड़कों की स्थिति देखी जाये तो कोई भी सामान्य जानकार यह बता सकता है कि इन सड़कों के निर्माण में 10 से 20 फीसदी निर्माण राशि ही खर्च की गई है बाकी का पैसा कहां गया यह तो संबंधित अधिकारी ही बता सकते हैं।

### निर्माण सामग्री सप्लायर करा रहे निर्माण

अधिकांश ग्रेबल सड़कों का निर्माण एजेंसी के अधिकारी न कराते बल्कि जिनके ऊपर निर्माण सामग्री सप्लाई की जिम्मेदारी होती है उन्हीं को सड़क निर्माण करने की जिम्मेदारी भी थमा दी जाती है मशलन जहां ग्रेबल सड़क का निर्माण करना है वहां सड़क पर मिट्टी-मुर्रम डालिये फिर उसे बराबर कर दीजिये और बाद में एक लेयर डस्ट की डाल दीजिये हो गया ग्रेबल सड़क का निर्माण पूरा।

जब कभी सड़क में कितनी राशि खर्च हुई या सड़क की प्रगति क्या है तो अधिकारी सही जबाव देते ही नहीं। बस उनका एक ही जबाव होता है कि अभी निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क किनारे पड़ी निर्माण सामग्री ही बता देती है कि सड़क पर कितना खर्च हुआ होगा लेकिन अधिकारी तो अपने हिसाब से ही कागजों को भरते हैं और इसी के आधार पर तो लाखों का बारा-न्यारा होता है।

### दिखावे के लिये होता निरीक्षण

ऐसा नहीं कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन निर्माण कार्यो को देखने नहीं जाते लेकिन उनका नजरिया अलग होता है वे महज औपचारिकता निभाते है बाकी का काम चेम्बर में आकर पूरा कर लिया जाता है।



### 10 दिन में करनी थी जांच

वर्ष 2025 में एजेंसी के निर्माण कार्यो की जांच को लेकर शिकायतें की गई थी जिस पर अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक, जिला पंचायत द्वारा 02 जुलाई 2025 को एक आदेश जारी कर 03 लोगों की जांच टीम गठित की गई थी जिसे 10 दिवस के भीतर कार्यवाही कर कार्यालय में सूचित करना था लेकिन इस आदेश को जारी हुये लगभग 08 माह बीत चुके हैं किसी तरह की न तो जांच की कोई सूचना है और न ही कार्यवाही की, शायद इस आदेश के 10 दिन अभी पूरे नहीं हुये।

मूल्यांकन की एवं शिकायत के बाद जांच की जो रस्म अदायगी की जा रही है वह जिला पंचायत और आर.ई.एस की मिलीभगत को साबित करती है।

# दो दिनों में 50 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई




*** बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले भर में यातायात नियमों के प्रभावी पालन एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडला पुलिस द्वारा विभिन्न थाना एवं यातायात क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।पिछले दो दिनों के दौरान अभियान चलाकर 50 से अधिक बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करते हुए वैध नंबर प्लेट लगाने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने एवं हेलमेट पहनकर वाहन संचालन करने की सख़्त समझाइश दी गई। मंडला पुलिस द्वारा कई वाहनों में मौके पर ही नंबर प्लेट लगवाकर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया, जिससे वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार की चेकिंग एवं चालानी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि वैध नंबर प्लेट के साथ एवं हेलमेट धारण कर ही वाहन संचालन करें।



### मण्डला में शराब दुकानों के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू, 2 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**मण्डला।** जिला आबकारी विभाग द्वारा नई आबकारी नीति के तहत जिले की शराब दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार, इस वर्ष शराब दुकानों के आरक्षित मूल्य में ''20 प्रतिशत की वृद्धि'' की गई है। जिले की कुल 21 शराब दुकानों को 7 समूहों (ग्रुप) में विभाजित किया गया है। वर्तमान में बैच-1 के अंतर्गत 7 दुकानों के 3 समूहों के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 2 मार्च 2026 की दोपहर 2 बजे तक एमपी टेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म खरीदकर जमा कर सकते हैं। टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-आबकारी पोर्टल पर ''ऑनलाइन कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन'' होना अनिवार्य है। आवेदक इस टेंडर प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए ''जिला आबकारी कार्यालय, मण्डला'' से संपर्क कर सकते हैं।

### बम्हनी बंजर में शराब समूह का लाइसेंस निरस्त

**मण्डला।** जिला आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बम्हनी बंजर समूह की शराब दुकानों का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यह कदम शासन को देय निर्धारित राजस्व राशि जमा न करने के कारण उठाया गया है। इस समूह का संचालन जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) निवासी श्री करणजीत सिंह सलुजा द्वारा किया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शासन को देय संपूर्ण ड्यूटी राशि जमा नहीं की गई थी। नियमों के उल्लंघन के फलस्वरूप, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के आदेश 28 फरवरी 2026 के माध्यम से समूह की चारों शराब दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जब तक इन दुकानों का पुर्ननिष्पादन नहीं हो जाता, तब तक इन सभी दुकानों का संचालन सीधे आबकारी विभाग द्वारा किया जाएगा।

### सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का प्रवास कार्यक्रम

**मण्डला।** सभापति एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति, लोकसभा एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 2 मार्च को केवलारी जिला सिवनी से रात्रि 8 बजे जेवरा के लिए रवाना होंगे तथा रात्रि 9 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते 3 मार्च को जेवरा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 4 मार्च को प्रातः 10 बजे जेवरा से ग्राम बरबटी के लिए रवाना होंगे एवं प्रातः 11 बजे बरबटी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे रात्रि 8 बजे बरबटी से ग्राम जेवरा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 9 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## अतिक्रमण के कारण हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज में बालक हाई स्कूल निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पंचायत को लिखित शिकायत की जिस पर कुछ अतिक्रमण हटाए गए परंतु कुछ अतिक्रमण अभी भी नहीं हटाए गए जिसके कारण बालक हाई स्कूल नारायणगंज के मेन गेट के पास अतिक्रमण होने के कारण आगे का निर्माण कर रुका हुआ है इस संबंध में ठेकेदार द्वारा लगातार पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत की है परंतु करीब दो माह हो गए अतिक्रमण हटाते रुक गया जिससे निर्माण कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होने के कारण आगे का निर्माण कार्य रुका हुआ है बार-बार कहने पर भी अभी तक पंचायत द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया अगर शीघ्र ही अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो काम रुक जाएगा पता है संबंधित अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने की स्थानीय लोगों गुहार लगाई है।

**निर्णय** | **गोंदिया जबलपुर रेल ट्रेक तिहरीकरण का कार्य बहुत ही आवश्यक।**

# रेल मार्ग दोहरीकरण काम एक अभूतपूर्व निर्णय

*** निश्चित रूप से रेल सुविधाओं में होगा इजाफा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नैनपुर

गोंदिया जबलपुर रेल ट्रेक दोहरीकरण की केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति भारत सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है। महाकौशल के साथ ही देश की जनता मोदी सरकार के इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहेगी।

माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने गोंदिया जबलपुर रेल ट्रेक दोहरीकरण की स्वीकृति के दौरान दिए प्रजेंटेशन में देश को यह बताया है कि बिहार, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों की रीवा-कटनी तरफ से आकर चांदा फोर्ट बल्लारशाह होकर सिकंदराबाद के रास्ते दक्षिण भारत को जाने वाली रेलों के लिए एक लगभग ढाई सौ किलोमीटर कम दूरी वाला वैकल्पिक रेल कोरिडोर मिल गया है। इस गोंदिया जबलपुर रेल मार्ग के कारण वर्तमान में अति प्रयुक्त जबलपुर-इटारसी- नागपुर - सेवाग्राम-वल्हारशाह रेल मार्ग पर लोड कम होगा। दूरी दो सौ से ढाई सौ किलोमीटर कम होगी। यात्रा समय



में चार घंटे की बचत होगी। देश का साल में बहुत बड़ा राजस्व व्यय बचेगा। रेलवे की आय बढ़ेगी। गोंदिया जबलपुर ट्रेक के आसपास महाकौशल के अति पिछड़े क्षेत्रों का विकास होगा।

माननीय रेल मंत्री महोदय श्री अश्विनी वैष्णव जी ने स्वीकार किया है कि गोंदिया जबलपुर रेल मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण रेल मार्ग है।

आज से 25 साल पहले इस ट्रैक का ब्राडगेजीकरण होकर दोहरीकरण हो जाना चाहिए था।

आज से छह साल पहले इस ट्रैक का ब्राडगेजीकरण तो हुआ लेकिन सिंगल ट्रेक ही बना।

अब गोंदिया जबलपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण को स्वीकृति मिलना बहुत बड़ी बात है। यह दोहरीकरण हो रहा है बड़ी बात है लेकिन यह काम दो-तीन दशकों के विलंब से हो रहा है।

देश में अधिकांश रेलवे ट्रैक जैसे नागपुर दिल्ली आदि के बीच चौथी रेल लाइन बिछाई जा रही है।

गोंदिया जबलपुर रेल मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है। भविष्य में कभी न कभी गोंदिया जबलपुर रेल ट्रेक तिहरीकरण बल्कि चौथी लाइन भी भारतीय रेलवे को बिछाना ही पड़ेगा। आवश्यकता इस बात की है कि इस ट्रेक के दोहरीकरण के साथ साथ इसका तिहरीकरण भी साथ-साथ जरूर होना चाहिए।

अभी इस ट्रेक के दोहरीकरण के दौरान जो फेंसिंग वाल बनेगी उसके लिए तीन चार सौ करोड़ रुपए की जो राशि अभी खर्च होगी वह भविष्य में तीसरी लाइन बनाने के दौरान तोड़नी पड़ सकती है। इसीलिए गोंदिया जबलपुर रेल मार्ग दोहरीकरण के साथ-साथ तिहरीकरण भी होना बहुत जरूरी है।अकेले मध्यप्रदेश में रेलवे ट्रैक की सेफ्टी के लिए रेलवे बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रेलवे जबलपुर रेल मंडल के रूट इटारसी से मानिकपुर के बीच 511 किलोमीटर के हिस्से को फेंसिंग के जरिए कवर करने जा रहा है। इस पर 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ट्रैकों में 'सिक्योर एरिया' विकसित किए जाने से ट्रेनें 130 किलोमीटर प्रति घंटे की प्रस्तावित गति को पा लेंगी। वहीं हादसे, हमले और आत्महत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी। जानवरों से रेलवे ट्रैक पूरी तरह से सुरक्षित हो जाएंगे। यूरेपियन देशों की तरह ट्रैक पर मानव व जीवों का दखल कम हो जाएगा। हालांकि किसानों से टकराव बढ़ सकता है। ये है योजना और उसके फायदे-511 किलोमीटर में बनेगा सिक्योर एरिया। 03 चरण में पूरा होगा काम। 200 करोड़ अनुमानित लागत। 2 चरणों की टेंडर प्रक्रिया पूरी। ट्रेन के सामने नहीं आ पाएंगे मवेशी और वन्यप्राणी। ट्रैक पर दुर्घटनाओं का ग्राफ कम होगा।आत्महत्या के मामलों में आएगी कमी। पथराव की घटनाओं से बचाव।

## विज्ञान में महिलाएं विषय पर विज्ञान गोष्ठी

*** मंडला जिले में विज्ञान के लोकव्यापीकरण के लिए आयोजित होगें कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



शांतिकुंज ग्रुप ऑफ एजुकेशन, महाराजपुर, मंडला के सभाकक्ष में विज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का आयोजन महाकोशल विज्ञान परिषद जिला इकाई मंडला ने शांतिकुंज बहुआयामी विकास सेवा समिति और परम्परागत, जडी-बूटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विकास परिषद एवं अनुसंधान केन्द्र के सहयोग से किया। विज्ञान भारती के जबलपुर संभाग संयोजक गजेन्द्र गुप्ता ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के थीम ₹विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना₹ पर जानकारी प्रदान की। विज्ञान भारती, मंडला जिला इकाई संयोजक श्रीमती आरती मोदी ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन में जिले के छात्रों की सहभागिता और उसके परिणाम तथा विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रांतीय कार्यक्रम की जानकारी साझा की। श्रीमती बनीता केशरी गुप्ता ने स्वदेशी विज्ञान और भारतीय विज्ञान सम्मेलन के आयामों पर अपनी बात रखी। अर्णव मोदी, निशांत तिवारी,श्रीमती भारती चौरसिया और श्रीमती श्वेता तिवारी ने मंडला जिले में विज्ञान के लोकव्यापीकरण के रोडमैप के क्रियान्वयन पर चर्चा की।

इस गोष्ठी में अप्रैल माह में महाकोशल विज्ञान परिषद के तत्वावधान में मंडला में प्रस्तावित जिला स्तरीय विज्ञान सम्मेलन में महाकोशल विज्ञान परिषद जिला इकाई मंडला के कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया।कार्यकारिणी के गठन के पूर्व महाकोशल विज्ञान परिषद के आजीवन सदस्यता के लिए सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।विदित हो कि,महाकोशल विज्ञान परिषद विज्ञान भारती की प्रांतीय इकाई है।

### विज्ञान भारती (VIBHA विभा) के बारे में

एक राष्ट्र के रूप में भारत को एक कल्याणकारी राज्य की दिशा में आगे बढ़ने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चुनौतियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, जो इतनी अनोखी हैं, भारत की विरासत के अनुरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में केवल तीव्र प्रगति ही उन चुनौतियों का सामना कर सकती है। इस संदर्भ में स्वदेशी भावना वाले विज्ञान आंदोलन विज्ञान भारती की बड़ी भूमिका है। स्वदेशी विज्ञान आंदोलन की शुरुआत प्रोफेसर केआई वासु के मार्गदर्शन में कुछ प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान- (बेंगलुरु) में की गई थी। इस आंदोलन ने धीरे-धीरे गति पकड़ी और राष्ट्रीय उपस्थिति वाले संगठन के रूप में उभरा। 1991 (अक्टूबर 20-21) में नागपुर बैठक में अखिल भारतीय स्तर पर स्वदेशी विज्ञान आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया और इसे विज्ञान भारती नाम दिया गया। विज्ञान भारती की देश भर में इकाइयाँ और संपर्क हैं। यह स्वायत्त संस्थानों, स्वतंत्र संगठनों और परियोजना संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहा है।विज्ञान भारती ने 2015 से 2022 की अवधि में 16 गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।साइंस इंडिया फोरम और जीआईएसटी फ़ोरम विज्ञान भारती के दो अंतर्राष्ट्रीय फोरम है।

**खबर संक्षेप**

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**डिंडौरी** । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। सभी जिलों में निर्धारित अवधि के भीतर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैंनिर्देशों के अनुसार किसान पंजीयन के दौरान फसल का विवरण पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर लिया जाएगा। वर्तमान में लगभग 98 प्रतिशत किसानों की गिरदावरी हो चुकी है, शेष किसानों की गिरदावरी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।सिकमी एवं बटाईदार किसानों के पंजीयन के लिए भूमि के मूल भू-स्वामी का आधार नंबर लिया जाएगा तथा ओटीपी सत्यापन के बाद ही पंजीयन किया जा सकेगा। साथ ही सिकमी/बटाईदार अनुबंध को ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। पंजीयन केंद्रों के प्रभारी एवं ऑपरेटर को निर्देशित किया गया है कि वे आवेदन पत्र, सिकमी/बटाईदार अनुबंध सहित आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर पोर्टल पर सही तरीके से अपलोड करें तथा पंजीयन प्रक्रिया की पुष्टि सुनिश्चित करें।समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं की राशि किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे भुगतान की जाएगी, जिसके लिए किसानों के बैंक खाते का आधार से लिंक होना आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा



**डिंडौरी**। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन आयुष आरोग्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र देवलगढ़, चौबीसा एवं कलगीटोला का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ एवं तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।उप स्वास्थ्य केन्द्र देवलगढ़ में कलेक्टर ने केन्द्र की संचालक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सुश्री प्रतीक्षा हरदा से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध दवाइयों का अवलोकन करते हुए उनकी समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) की भी जांच की तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सक से विभिन्न रजिस्टरों का परीक्षण कर ग्राम में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की संख्या एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम स्तर पर एनीमिया एवं सिकल सेल जांच, आधार लिंकिंग तथा ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को उप स्वास्थ्य केन्द्र चौबीसा में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और स्टाफ को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ८

### सच्चाई की हुई जीत- विनोद सेन

**अनूपपुर**। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को राहत दिए जाने के फैसले पर आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश सह सचिव (ओबीसी प्रकोष्ठ) विनोद सेन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल किसी एक नेता की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और देश की जनता की जीत है।

# होली से पहले मैया अभियान के तहत घाटों पर स्वच्छता अभियान, एक ट्रॉली कचरा हटाया

**होली पर्व के पूर्व नगर में जहां एक ओर घर-घर रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का माहौल है, वहीं 'मैया अभियान' के सेवादारों ने भी स्वच्छता का संदेश देते हुए रविवार प्रातः 7 बजे नर्मदा डेम के मुख्य घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया।**

डिंडौरी।

"निर्मल घाट–निर्मल नर्मदा" के संकल्प के साथ स्वयंसेवकों ने सकर घाट डेम से धर्मशाला तक फैली प्लास्टिक पन्नियां दूषित वस्त्र एवं पूजन-विसर्जन सामग्री एकत्रित कर लगभग एक ट्रॉली कचरा हटाया।उल्लेखनीय है कि मैया अभियान की शुरुआत 11 नवम्बर 2022 को तत्कालीन कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा की गई थी। अभियान का उद्देश्य



सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक रूप से नर्मदा मैया की सेवा में श्रमदान करना तथा घाटों की सफाई कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। सेवादारों का कहना है कि यही जीवनदायिनी माँ नर्मदा की सच्ची सेवा है।

अभियान से जुड़े सदस्यों ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों जबलपुर नरसिंहपुर और नर्मदापुरम में नर्मदा घाटों पर साबुन और सोडा के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि डिंडौरी जिले में अब भी नर्मदा जल का प्रदूषण बढ़ रहा है। नगर सीमा के दोनों घाटों में लगभग 10 नालों का दूषित पानी सीधे नर्मदा में मिलना चिंता का विषय है।मैया अभियान के सदस्यों ने नगरवासियों और विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अभियान से जुड़कर स्वच्छता प्रयासों में सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, नेहरू युवा केन्द्र से आर.पी. कुशवाहा प्राचार्य शाहिद खान प्राचार्य राम विशाल मिथलेश अवध गोहिया महेंद्र उचेहरा माही बरोतिया भागवत यादव तथा देवदूत रक्तदान समूह के सदस्यों सहित अन्य सेवादारों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

डिंडौरी।

स्थानीय राजूषा हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल डिंडौरी में दिनांक 28/02/2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन के सम्मान में एवं उनकी खोज "रमन इफेक्ट" या "रमन प्रभाव" की सालगिरह के रूप में मनाया जाता है। किसी भी देश की उन्नति में सबसे ज्यादा योगदान विज्ञान का होता है।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अपनी विशेष रुचि दिखाते हुए प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आयरा बर्मन प्रथम अवनि नागेश द्वितीय तथा धनंजय टेकाम तृतीय स्थान पर रहे।वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंश यादव एंड ग्रुप ने द्वितीय स्थान राकेश पेंड्रो एंड ग्रुप ने एवं तृतीय स्थान हिमांशु एंड ग्रुप ने प्राप्त किया।वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में सीनियर कक्षा 11वीं से जिज्ञासा झारिया प्रथम, प्रिया विश्वकर्मा द्वितीय तथा आस्था नंदा तृतीय रही।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में स्थानीय मेकलसुता महाविद्यालय के प्रो. डॉ. ज्योति द्विवेदी एवं प्रो. डॉ. सुरेखा चंदेल उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। विद्यालय प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भव्य रूप से मनाया

शहपुरा -



बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ (सीबीएसई) में 28 फरवरी 2026, शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अत्यंत उत्साह, जिज्ञासा और वैज्ञानिक चेतना के वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय परिसर विज्ञान प्रदर्शनी नवाचारपूर्ण मॉडलों और विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित दिखाई दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.बी. अग्रवाल, डॉ .कृष्ण बिलैया तथा विक्रम सिंह रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान प्रोजेक्ट कार्यशील (वर्किंग) मॉडल ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत जल संरक्षण विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग स्वच्छता एवं तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर अत्यंत आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने प्रत्येक मॉडल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया उनके विचारों को जाना तथा उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिज्ञासा, प्रयोग और नवाचार की भावना को जागृत करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने, प्रश्न पूछने और नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और शोध प्रवृत्ति का विकास करते हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत परिश्रम और लगन से अपने मॉडल तैयार किए थे जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे उपस्थित जनों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या महोदया ने मुख्य अतिथियों शिक्षकगण अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है और ऐसे आयोजन भविष्य के वैज्ञानिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## शहपुरा के युवाओं ने पेश की मिसाल कांजी हाउस में अंधे बैल और अपाहिज बछिया की कर रहे निरंतर सेवा



शहपुरा

शहपुरा नगर में मानवता की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। यहां के युवाओं ने कांजी हाउस में पहुंचकर साफ-सफाई की और वहां मौजूद अंधे बैल तथा अपाहिज बछिया की निरंतर सेवा का जिम्मा उठाया है आज के दौर में जहां लोग एक-दूसरे की मदद से पीछे हटते नजर आते हैं वहीं शहपुरा के युवाओं ने यह साबित कर दिया कि संवेदनाएं अभी भी जिंदा हैं युवाओं की टीम नियमित रूप से कांजी हाउस पहुंचकर पशुओं को चारा-पानी उपलब्ध करा रही है उनके रहने की जगह की साफ-सफाई कर रही है और विशेष रूप से अंधे बैल एवं अपाहिज बछिया की देखभाल कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणा है। युवाओं का मानना है कि बेजुबान पशु अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते इसलिए उनकी सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस मानवीय पहल से नगर में सकारात्मक संदेश जा रहा है और अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं।

## विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश



डिंडौरी ।

विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान माध्यमिक शाला खुरपार सहित ग्राम पंचायत कलगी टोला, चौबीस, राय, सरसडोली, देवलगढ़ और मेंहदवानी में पहुंचकर निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राही बरसात के पहले अपने नए मकान में रह सकें।ग्राम पंचायत सरसडोली में ग्रामीणों की मांग के आधार पर ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को गांव तथा श्मशान घाट के पास पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

## अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पेड़ से टकराया, चालक की मौके पर मौत

**गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवरपुर का मामला**

डिंडौरी।



गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिरवरपुर के समीप शनिवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान महेंद्र मरावी (40 वर्ष) पिता मोलेराम मरावी निवासी ग्राम गिरवरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महेंद्र मरावी ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

## शिव मारुति युवा संगठन के सहयोग से मनाया जाएगा गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन उत्सव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में इस वर्ष अनूपपुर जिले में होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा। "गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन" को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन के साथ-साथ शिव मारुति युवा संगठन ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नोडल अधिकारी को मुख्य नगरपालिका अधिकारी के समन्वय से शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष होलिका दहन में पारंपरिक लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) एवं उपलों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वनों की कटाई पर रोक लगाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा गोवंश आधारित उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

## खबर संक्षेप

### खेत में बिछाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के गांव घाटपिंडरई में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। खेत में बिछाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान रति बाई (उम्र 75 वर्ष), पत्नी हनुमत सिंह लोधी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 28 फरवरी की शाम लगभग 4 बजे की है।रति बाई अपने खेत के बगल स्थित खेत में चारा काटने गई थीं। बताया जा रहा है कि उक्त खेत लखन पटेल उर्फ मुन्ना पटेल का है, जहां जंगली सुअरों से फसल बचाने के लिए तार का जाल बिछाया गया था। आरोप है कि तार में 1100 केवी करंट प्रवाहित किया गया था। खेत के रास्ते में बिछे इसी करंटयुक्त तार की चपेट में आने से रति बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की गई। शाम लगभग 6 बजे शव को अस्पताल लाया गया।

**प्रशासन से मांग की जा रही है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।**

### पानी भरने को लेकर महिला और नाबालिग बेटी से मारपीट का आरोप

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पानी भरने को लेकर महिला और नाबालिग बेटी से मारपीट का आरोप नरसिंहपुर। 1 मार्च 2026 थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सगौनी कलां में पानी भरने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पीड़िता रजनी चैधरी पत्नी राजाराम चैधरी ने आरोप लगाया है कि 1 मार्च की सुबह लगभग 9 बजे उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही दुर्गेश वंशकार और बेनी वंशकार (पिता-पुत्र) ने नल पर मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, उनकी बेटी पानी भरने गई थी, तभी आरोपियों ने किसी बात को लेकर उससे कहासुनी शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट करने लगे। जब रजनी चैधरी अपनी बेटी का बचाव करने पहुंचीं तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। रजनी चैधरी ने बताया कि घटना की शिकायत लेकर वे थाना कोतवाली नरसिंहपुर पहुंचीं, जहां पुलिस द्वारा उनकी एनसीआर दर्ज कर उन्हें कोर्ट जाने की सलाह दी गई। महिला का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी उनकी नाबालिग बेटी को दुर्गेश द्वारा धमकी दी जा चुकी है।मामले को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बताई जा रही है। पीड़िता ने निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और प्रकरण की जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई जांच उपरांत की जाएगी।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार की अनूठी पहल

# इस होली लकड़ी नहीं गौ-काष्ठ से जलाई जाएगी होलिका

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में होली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। व्यापारियों के अनुसार त्योहार को लेकर तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। लेकिन परीक्षाएं चलने से दुकानों पर बच्चों की ग्राहकी फिलहाल कम है लेकिन एक-दो दिन में बढने की उम्मीद व्यापारी जता रहे हैं। मूर्तिकारों द्वारा होलिका की करीब 5 फीट व प्रहलाद की करीब एक फीट की प्रतिमाएं बनाई गईं हैं। जिसमें खास यह है कि होलिका के साथ प्रहलाद की मूर्ति बतौर गिफ्ट दी जा रही है।



### हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की बढ़ी मांग

जिले भर में होलिकाष्टक के साथ ही जहां नए मांगलिक कार्यो पर विराम लगा है वहीं त्योहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होता है। मूर्तिकार दिलीप प्रजापति ने बताया कि कई समितियों ने प्रतिमाओं की भी बुकिंग करना शुरू कर दिया है। विभिन्न मोहल्लों में होलिका समितियां सक्रिय हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। व्यापारियों के अनुसार इस बार बाजार में हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ रही है। बच्चों के लिए कार्टून आकृतियों वाली पिचकारी, टैंक पिचकारी और धातु रंग की आकर्षक डिजाइन उपलब्ध हैं। साथ ही रंगीन धुआं करने वाले पाउडर, पारंपरिक अबीर-गुलाल और सजावटी पूजन सामग्री भी बिक्री के लिए रखी गई है।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया जाएगा होलिका दहन

मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन ने आगामी होली पर्व को पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाने का निर्णय लेते हुए सभी जिलों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गो-काष्ठ का उपयोग किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलें, पानी की बचत करें तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालें।

### होलिका दहन समीति कराएं पंजीयन


राज्य शासन ने सभी जिलों में आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, पंचायत एवं नगरीय निकायों के माध्यम से किया जाएगा। पंजीयन के समय आयोजक संस्था की आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की जाएगी। निर्देशों के तहत संबंधित अधिकारी होलिका दहन कार्यक्रमों का स्थल पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि आयोजन पूर्णतः गो-काष्ठ आधारित हो। आयोजन के दो-तीन दिवस के भीतर संबंधित अधिकारी प्रमाणित प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ओर से पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में भी ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन एवं सहयोग दिया जाएगा। शासन ने समस्त जिला कलेक्टरों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा संभागायुक्तों को इसकी निगरानी करने के लिए कहा गया है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता एवं पारंपरिक मूल्यों के साथ सुरक्षित एवं स्वच्छ होली का आयोजन सुनिश्चित करना है।

### जिले में उपलब्ध है गौ-काष्ठ एवं कंडे

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि जिले की सभी गौशालाओं में गोबर के कंडे उपलब्ध हैं। साथ ही जिले की चार गौशालाएं जहां से नागरिक गौ-काष्ठ भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत के अंतर्गत आने वाली गौशाला बहोरीपार , आदर्श गौशाला केंद्रीय जेल नरसिंहपुर , केरपानी की गौशाला और गाडरवारा अंतर्गत आने वाली दयोदय गौशाला पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे इस पावन पर्व को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मनाएं।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का किया निरीक्षण



### 22 नमूनो को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले में विभिन्न दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य के कुल 22 नमूनो को संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा एवं गोटेगांव में विभिन्न दूध डेयरी एवं मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पनीर, खोवा, दही, घी, कलाकंद, अंजीर बर्फी, छैना के रसगुल्ला इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 22 नमूने लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य विक्रेताओं को सख्त निर्देशित किया गया कि वे गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का ही विक्रय करें। साथ ही खाद्य पदार्थों का स्वच्छतापूर्वक निर्माण करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### ई-औषधि पोर्टल ऑनबोर्ड कराए जाने के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आयुष विभाग नरसिंहपुर के अधीन संचालित सभी संस्थाओं को ई-औषधि पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के उद्देश्य से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 26 एवं 27 फरवरी को ई-दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित हुआ। जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के अधीन संचालित सभी संस्थाओं के कुल 61 प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार साहू एवं डॉ. नीलेश साहू द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन एवं औषधि प्रबंधन की ऑनलाइन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु पुलिस के कड़े सुरक्षा इंतजाम

### दो दिवस में कुल 106 प्रकरण पंजीवद्ध, 186 आरोपियों को जेल भेजा गया।

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** होली एवं धुरेड़ी पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं शांति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अवैध शराब तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत विगत दो दिवस में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रूप से शराब का परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान लगभग 186 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए जाकर जेल भेजा गया है। अवैध शराब के विरूद्ध के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही लगभग 3 लाख कीमत की कुल 30 पेटी देशी शराब, 500 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 750 पाव अंग्रेजी शराब जप्त । कार्यवाही के दौरान लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लहान किया गया नष्ट।

जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च एवं विशेष सर्चिंग अभियान चलाया लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी सघन सर्चिंग की जा रही है।



सोशल मीडिया एवं आसमाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर पुलिस की टीमों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है तथा फिक्स प्वाइंट लगाकर आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस की विशेष टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री पर तत्काल कार्यवाही की जा सके। साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## नेशनल हाईवे पर पशुओं से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई

**मौके पर ही 30 से 35 बकरियों की मौत**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नेशनल हाईवे 44 पर रविवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर ही करीब 30 से 35 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में पिकअप का चालक भी बुरी तरह घायल हुआ है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन काफी तेज गति में था और बकरियों से पूरी तरह से लदा हुआ था। हाईवे पर अचानक संतुलन बिगड़ने या किसी अन्य वाहन को बचाने के चक्कर में पिकअप डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और वाहन में बंधी अधिकांश बकरियां दबने और झटके के कारण मौके पर ही दम तोड़ गईं।



### ड्राइवर की हालत गंभीर

हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत मदद शुरू की। घायल ड्राइवर को कड़ी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे नजदीकी जिला अस्पताल नरसिंहपुर ले जाया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है।

## बताई गई रेलवे कर्मचारियों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की स्थाई वार्ता तंत्र का आयोजन जबलपुर के डी.आर.एम. ऑफिस के सभा गृह में किया गया । जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के सचिव डी.पी. अग्रवाल अध्यक्ष एस.एम.शुक्ला ने कर्मचारियों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से रखा। इटारसी से जबलपुर तक की समस्याओं के लिए जिला सचिव सुनील जाट ने भाग लिया एवं नरसिंहपुर में 5 करोड़ 20 लाख की लागत से एक सामुदायिक भवन निर्माण की अनुमति दिलवायी एवं कर्मचारियों को एक रेफरल अस्पताल का भी प्रपोजल रखा। इस अवसर पर अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे ।

## होली बाजार सजा, रंग-गुलाल और पिचकारियों की धूम, नगर के प्रमुख बाजारों में बढ़ी रौनक, बच्चों-युवाओं में खास उत्साह

**गोटेगांव।** रंगों के पावन पर्व होली के नजदीक आते ही नगर के बाजार पूरी तरह रंगीन हो उठे हैं। मुख्य बाजार भगतराम चौराहा, नया बस स्टैंड, रिपटा रोड, बेल्हाई बाजार, पुराना बस स्टैंड, फव्वारा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर रंग-गुलाल, हर्बल रंग, पीली मिट्टी और आकर्षक पिचकारियों की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। सुबह से देर शाम तक बाजारों में खरीदारों की आवाजाही देखी जा रही है।पिचकारियों की नई-नई वैरायटी बनी आकर्षण का केंद्रइस बार बाजार में बच्चों और युवाओं के लिए पिचकारियों की कई नई वैरायटी उपलब्ध है। दबंग प्रेशर गन, बाहुबली, कछुआ छाप, मोटू-पतलू, तितली, एयर गन, टैंकर गन और टैंडी शॉटगन नामक पिचकारियां खासा आकर्षण बटोर रही हैं। रंगीन और कार्टून मुखाकृति वाली पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। कई बच्चे अभी से अपनी पसंद की पिचकारी खरीदकर होली का आनंद लेने लगे हैं।हर्बल रंगों और पीली मिट्टी की मांगत्योहार को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष हर्बल रंगों की मांग बढ़ी है। गुलाबी, हरा, पीला और केसरिया रंगों के साथ-साथ प्राकृतिक गुलाल की भी बिक्री हो रही है। युवाओं में पारंपरिक 'पीली मिट्टी' की भी विशेष मांग देखी जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब केमिकल रंगों की जगह सुरक्षित और त्वचा के अनुकूल रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।मूर्तिकारों ने तैयार की भक्त प्रह्लाद और होलिका की प्रतिमाएंनगर के मूर्तिकारों द्वारा भक्त प्रह्लाद और होलिका की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर समितियों द्वारा होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। लकड़ी संग्रह, सजावट और पूजन सामग्री की व्यवस्था में समिति सदस्य जुटे हुए हैं। धार्मिक परंपराओं के अनुसार विधि-विधान से होलिका दहन किया जाएगा।व्यापारियों को बिक्री बढ़ने की उम्मीदहालांकि फिलहाल बाजार में बिक्री सामान्य बताई जा रही है, लेकिन दुकानदारों का मानना है कि जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आएगा, खरीदारी में तेजी आएगी। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बाजार में वैरायटी अधिक है और व्यापारी अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाए बैठे हैं।उत्साह और उमंग का माहौलनगर में होली को लेकर बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों की चहल-पहल और रंगों की बहार से पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा नजर आ रहा है। व्यापारियों और नागरिकों को उम्मीद है कि इस बार होली का त्योहार सौहार्द, उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा।



## सुरक्षित एवं स्वस्थ नरसिंहपुर अभियान के दूसरे दिन 189 श्वानों का हुआ टीकाकरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शहर को रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चलाया जा रहा विशेष टीकाकरण अभियान के दूसरे दिन टीमों ने 189 डॉग्स को एंटी-रेबीज के टीके लगाए गए। नरसिंहपुर शहर में चलाए गए दो दिवसीय अभियान में अब तक कुल 432 पालतू और आवारा श्वानों का टीकाकरण कराया गया। अभियान के दूसरे दिन शनिवार को यशोदा मैरिज गार्डन, झिरना रोड, गिरिराज स्कूल, गांधी चैक, किसानी वार्ड, तलापार, नरसिंह मंदिर एवं गणेश मंदिर, किसानी वार्ड, गुलाब चैराहा, पराड़कर हॉस्पिटल, एसएनपीएस स्कूल, संजय वार्ड, सिंहपुर चैराहा और बरगी कॉलोनी के क्षेत्रों में श्वानों को एंटी रेबीज के टीके लगाए गए। अब यह अभियान शहर में सोमवार 2 मार्च और मंगलवार 3 मार्च को भी जारी रहेगा।



## 10 फीट ऊंची महाराणा प्रताप प्रतिमा होगी स्थापित, 'महाराणा प्रताप चौक' के रूप में मिलेगी नई पहचान

**गोटेगांव।** नगर के बेल्हाई क्षेत्र में आगामी 17 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 10 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के तहत संबंधित चौराहे का नामकरण 'महाराणा प्रताप चौक' किया जाएगा, जिससे क्षेत्र को एक नई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान मिलेगी।भूमि पूजन के साथ हुआ शुभारंभप्रतिमा स्थापना की दिशा में 28 फरवरी को विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिला इकाई की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन में नरसिंहपुर के पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रनिष्ठा और संघर्ष का प्रतीक है। उनका आदर्श आज भी युवाओं को आत्मसम्मान और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।18 लाख की लागत से ग्वालियर से मंगाई जाएगी प्रतिमाआयोजन समिति के अनुसार, प्रतिमा 18 लाख रुपये की लागत से ग्वालियर से तैयार कर मंगाई जा रही है। प्रतिमा का निर्माण आकर्षक शिल्प शैली में किया जा रहा है, जिसमें महाराणा प्रताप को वीर मुद्रा में दर्शाया जाएगा। प्रतिमा की ऊंचाई 10 फीट होगी, जिससे वह दूर से ही लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। चौराहे का सौंदर्यीकरण भी साथ-साथ किया जाएगा, जिसमें प्रकाश व्यवस्था, फव्वारा अथवा आकर्षक लाइटिंग की योजना पर भी विचार किया जा रहा है।47 लाख से बनेगा राजपूत क्षत्रिय सभा का भवनकेवल प्रतिमा स्थापना ही नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मध्य प्रदेश शासन की सहायता से 47 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से गोटेगांव के कुम्हड़ाखेड़ा क्षेत्र में राजपूत क्षत्रिय सभा का सामुदायिक भवन निर्मित किया जाएगा। यह भवन समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।वर्षों पुराना संकल्प हो रहा साकारसमाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने का विचार लंबे समय से विचाराधीन था। कई बैठकों और प्रयासों के बाद अब यह संकल्प मूर्त रूप ले रहा है। युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी और वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से यह आयोजन संभव हो सका है।भव्य अनावरण की तैयारी17 जून को आयोजित होने वाले प्रतिमा अनावरण समारोह को प्रदेश स्तर पर भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। विभिन्न जिलों से राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों सहित अन्य समाजों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज गौरव सम्मान जैसे आयोजन भी प्रस्तावित हैं।नगर में प्रतिमा स्थापना की इस घोषणा से समाज में उत्साह और गर्व का वातावरण है। इसे गोटेगांव की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## विंध्याचल एक्सप्रेस 5 घंटे लेट, यात्री परेशान, समय से 4—5 घंटे पीछे चल रही ट्रेन, दैनिक यात्रियों का बिगड़ रहा शेड्यूल

**गोटेगांव।** गोटेगांव रेलवे स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस की लगातार लेटलतीफी यात्रियों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। निर्धारित समयानुसार यह ट्रेन सुबह 7:50 बजे स्टेशन पहुंचनी चाहिए, लेकिन पिछले कई दिनों से यह दोपहर 12:30 बजे के बाद ही पहुंच रही है। प्रतिदिन 4 से 5 घंटे की देरी ने आम यात्रियों के साथ-साथ दैनिक अप-डाउन करने वालों की दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी है।नौकरीपेशा वर्ग पर सीधा असरट्रेन की देरी का सबसे अधिक असर शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों और निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों पर पड़ रहा है, जो प्रतिदिन अन्य शहरों में अपनी सेवाएं देने जाते हैं। समय पर कार्यालय या विद्यालय न पहुंच पाने के कारण उन्हें अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। कई कर्मचारियों ने वेतन कटौती और अनुपस्थित दर्ज होने की चिंता भी जताई है। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के सामने नौकरी पर संकट की स्थिति बनने लगी है।बुजुर्गों और महिलाओं को अतिरिक्त परेशानीस्टेशन पर पर्याप्त सूचना तंत्र न होने से यात्रियों को ट्रेन की सटीक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती। परिणामस्वरूप बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे घंटों प्लेटफॉर्म पर इंतजार करने को मजबूर हैं। गर्मी और अव्यवस्थाओं के बीच लंबा इंतजार यात्रियों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। पीने के पानी, बैठने की समुचित व्यवस्था और समय-समय पर घोषणा न होने से समस्या और गंभीर हो जाती है।व्यापार और स्थानीय आवागमन पर प्रभावविंध्याचल एक्सप्रेस क्षेत्र की महत्वपूर्ण ट्रेनों में से एक मानी जाती है। इसके माध्यम से अनेक व्यापारी, छात्र और मरीज बड़े शहरों तक पहुंचते हैं। नियमित देरी के कारण व्यापारिक गतिविधियों, शैक्षणिक परीक्षाओं और चिकित्सकीय अपॉइंटमेंट्स पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।रेल प्रशासन से समय सुधारने की मांगनगर के सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि ट्रेन की समय सारिणी में सुधार कर नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। यात्रियों का कहना है कि यदि तकनीकी या अन्य कारणों से देरी हो रही है तो उसकी स्पष्ट सूचना समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोग वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें।यात्रियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो वे ज्ञापन सौंपकर या आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज उठाने को बाध्य होंगे। क्षेत्रवासियों का मानना है कि विंध्याचल एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन का समय पर संचालन जनहित में अत्यंत आवश्यक है।




## शांतिपूर्ण संपन्न हो गई पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं

तेंदूखेड़ा शैक्षणिक सत्र 2025 26 लगभग समाप्ति की ओर है। कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं लगभग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है वहीं कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी अंतिम चरणों में पहुंच गई है। कक्षा 9 वी एवं 11वीं की परीक्षाएं भी 28 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। तथा कक्षा 6 एवं 7 तथा 3 एवं 4 की परीक्षाएं भी शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली है। हमारे प्रतिनिधि को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी एवं स्रोत समन्वयक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि विकासखंड के सभी नौ जनशिक्षा केंद्रों पर पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षाएं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई। आगामी 5 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। समय सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकेगा ।और आगामी 1 अप्रैल से शाला में प्रवेशोत्सव दिलाया जा सकेगा। इस बार विकासखंड के 9 जनशिक्षा केंद्रों में 5421 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी केंद्र में सर्वाधिक 428 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।